न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी लूणी जिला जोधपुर

राजस्व विभिन्न पत्र संख्या : 109/2024

प्रार्थीनी अप्रार्थी

गंगा बनाम राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार लूणी।

किस्म मुकदमा– राजस्व विभिन्न प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू.राजस्व अधिनियम

तारीख हुक्म	*हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज*	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
11/12/2024	प्रार्थीनी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा ,136 भू राजस्व अधिनियम का प्रार्थना पत्र ग्राम बिडासनी तहसील लूणी के खसरा नम्बर 101 रकबा 2.5738 हैक्टर भूमि मे प्रार्थीनी के पति मोतीराम पुत्र सिमरथाराम के स्थान पर भीयाराम पुत्र सिमरथाराम नाम दर्ज किया जाने का निवेदन किया गया। प्रार्थीनी का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी का समन एव जबाव वास्ते तहरीर जारी की गई। तहसीलदार लूणी के पत्र कमाक /भूअ/2024/3553 दिनांक 21.11.2024 के द्वारा प्रकरण मे जबाव प्राप्त हुआ जिसमे बताया गया की वर्तमान जमाबदी मे राजस्व ग्राम बिडासनी के खाता संख्या 76 खसरा नम्बर 101 रकबा 2.5738 हैक्टर किस्म बा,तृतीय मे मोतीराम पुत्र सिमरथरा का नाम रिकर्ड मे दर्ज है सिमरथराम पुत्र नवलाराम जाति विश्नोई की फौत से मोतीराम पुत्र सिमरथराम राम दर्ज हुआ जो इनके बचपन का नाम था इनका नाम भीयाराम पुत्र सिमरथराम था। मोका फर्द के अनुसार मोतीराम पुत्र सिमरथराम नाम का कोई व्यक्ति ग्राम बिडासनी मे नही है यह भीयाराम पुत्र सिमथरराम है ग्रॉव के मौतबरानो की मौजुदगी मे मौका फर्द अनुसार गंगा पत्नि मोतीराम के स्थान पर गंगा पत्नि भीयाराम किया जाना उचित है दोनो नाम एक ही व्यक्ति महिला के है इसे सम्बधित अन्य महिला नही है और यह वास्तविक रूप से गंगा भीयाराम की पत्नि है। तहसीलदार लूणी द्वारा अपनी रिपोर्ट यह बताया गया। अतः–प्रार्थीनी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 भू.राजस्व अधिनियम का प्रार्थना पत्र तहसीलदार लूणी की रिपोर्ट मे स्पष्ट अनुशषा नही के आधार पर प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य प्रतीत नही होने से प्रार्थना पत्र खरिज किया जाता है पत्रावली फेसल शुमार होकर दाखिल दफ्तर हो। सहायक कलक्टर एव उपखण्ड अधिकारी, लूणी	